808(E)
02/02/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 30/01/26 को सम्पन्न अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही

पथ प्रमंडल, मोतिहारी के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Chatauni Thana (NH-527D) to Arya Samaj Mandir Chowk road for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री ~~विजय कुमार~~, मुख्य अभियंता, अनुश्रवण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय बीड सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–30.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–3911 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर के पत्रांक–122(अनु०) दिनांक–12.01.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–12.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening & Strengthening of Chatauni Thana (NH-527D) to Arya Samaj Mandir Chowk road for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, मोतिहारी। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹348.21 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–8145(S) दिनांक–23.09.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹365.49 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–3150 दिनांक–03.10.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹349.28502 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 06 (Six) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 05.12.2025 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकल निविदाकार द्वारा भाग लेने के फलस्वरूप PWD Code के नियम–163 एवं इस आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–6367(E)We दिनांक–10.09.2018 के आलोक में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मोतिहारी के पत्रांक–1856 दिनांक–13.10.2025 द्वारा निविदा को निरस्त करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित की गयी। |

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 04 (चार) निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Rishi Builders (India) Pvt. Ltd. (2) Om Sai Construction
(3) Sri Ram Builders (4) Barhonia Engicon Pvt. Ltd.

4. उपभागीय ज्ञापांक–3911 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–30.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में चार निविदाकारों में से तीन निविदाकार यथा (1) M/S Rishi Builders (India) Pvt. Ltd (2) Sri Ram Builders एवं (3) Barhonia Engicon Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल एवं शेष एक निविदाकार Om Sai Construction को SBD के ITB Cl.- 4.7 एवं 4.8 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया।

विभागीय निदेश के अनुसार दो कार्य दिवस में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत हीं वित्तीय बीड खोलने हेतु निदेश दिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–3911 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–30.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा Barhonia Engicon Pvt. Ltd. के पत्रांक–BEPL/PAT/04 दिनांक–01.01.2026 एवं पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा OM Sai Construction के पत्रांक–OSC/CE/RCD(N)/25-26/435 दिनांक–02.01.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–122(अनु०) दिनांक–12.01.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–12.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में सफल निविदाकार Barhonia Engicon Pvt. Ltd. के पत्रांक–BEPL/PAT/04 दिनांक–01.01.2026 एवं तकनीकी बीड में असफल निविदाकार Om Sai Construction के पत्रांक–OSC/CE/RCD(N)/25-26/435 दिनांक–02.01.2026 द्वारा परिवाद समर्पित किया गया है।

**परिवाद की समीक्षा :–**

| | परिवाद | समीक्षा |
|---|---|---|
| 1. | Barhonia Engicon Private Limited. द्वारा Sri Ram Builders के विरूद्ध दिया गया परिवाद :–<br>I would like to bring to your attention some observations regarding the tenderer. There are some shortcomings that will disqualify the tenderer.<br>1. The tenderer has incorrectly shown the bid capacity and withheld information regarding total work in hand. The total work in hand is close to full bidding Capacity once you add up the balance work of existing commitments from various departments. The work shown as percentage for JV needs to be taken in full for existing commitment. | Barhonia Engicon Private Limited. द्वारा Sri Ram Builders के Existing Commitment के संदर्भ में साक्ष्य विहीन परिवाद दिया गया है। परिवाद में इन्होंनें विभिन्न विभागों के Existing Commitment को निविदा में नहीं दर्शाने की बात अंकित की गई है, परन्तु किसी भी विभाग का नाम नहीं बताया गया है। फलस्वरूप इस परिवाद का सत्यापन नहीं कराया जा सकता है।<br>Sri Ram Builders द्वारा निविदा में RRSMP/2024-25 Madhubani/09 under MMGSY का कार्य Existing Commitment में दर्शाया गया है जो सत्यापनोपरांत सही पाया गया। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |
| | 2. The contractor was disqualified recently in RWD on the basis of fraudulent practice. Please find attach letter regarding that.<br>Please check above facts before proceeding to the financial evaluation process. | वर्तमान में Sri Ram Builders के विरूद्ध बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के तहत किसी भी कार्रवाई की सूचना नहीं है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | Om Sai Construction. द्वारा प्राप्त परिवाद :–<br>उपरोक्त संदर्भित विषयक पत्र के क्रम में तकनीकी बीड के दौरान उठाई गई आपत्तियों के संबंध में निम्नलिखित तथ्यात्मक एवं गणनात्मक स्पष्टीकरण ससम्मान प्रस्तुत किया जा रहा है :–<br>आपत्ति :– यह अवलोकित किया गया है कि मेसर्स ओम साई कंस्ट्रक्शन की SBD के ITB Clause 4.7 के आलोक में Bid Capacity ₹223.79 लाख है, जो कि अपेक्षित अर्हत्ता ₹349.28502 लाख से कम है। साथ ही हमारे द्वारा तीनों कार्यों का Existing Commitment वास्तविक Existing Commitment से कम दर्शाया गया है।<br>निराकरण/स्पष्टीकरणः–महोदय, हमारे द्वारा निविदा में प्रस्तुत Existing Commitments एवं On-going Works के अन्तर्गत कुल चार (04) चालू कार्य दर्शाए गए थे। पूर्व में हमारे द्वारा निविदा में समर्पित Bid Capacity के अन्तर्गत Existing Commitment की गणना निम्नलिखित प्रकार से की गई थीः<br>1. प्रथम कार्य :–Construction of Panchayat Sarkar Bhawan at Jalalpur Gangati Panchayat, Block Mahua, District- Vaishali<br>इस कार्य की एकरारनामा राशि ₹280.88 लाख थी तथा कार्य पूर्ण करने की अवधि 14 माह निर्धारित थी। निविदा की अवधि (06 माह) के अनुरूप Bid Capacity की गणना ₹280.88/14x6= ₹120.37 लाख की गई थी। साथ ही यह भी स्पष्ट करना है कि उक्त समयावधि तक हमारे द्वारा लगभग ₹60.00 लाख का कार्य निष्पादित किया जा चुका था, परंतु उस समय तक न तो किसी प्रकार का भुगतान प्राप्त हुआ था और न ही निष्पादित कार्य से संबंधित कोई प्रमाण/दस्तावेज उपलब्ध था। अतः Bid Capacity की गणना के प्रयोजन हेतु संपूर्ण एकरारनामा राशि ₹280.88 लाख को ही आधार मानकर गणना की गई थी।<br>2. द्वितीय कार्य :–Construction of Panchayat Sarkar Bhawan at Panchayat Tikaita Govindpur under Piprakothi Block, District Purvi Champaran, Motihari.<br>इस कार्य का संविदा मूल्य ₹218.59 लाख एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि 14 माह थी। निविदा की 06 माह की अवधि के अनुसार इसकी गणना ₹218.59/14 x 6 = ₹93.68 लाख होती है। | Om Sai Construction द्वारा परिवाद में वर्णित प्रथम कार्य Construction of Panchayat Sarkar Bhawan at Jalalpur Gangati Panchayat, Block Mahua, District- Vaishali, Hajipur के लिए निविदा में छः माह कार्यावधि के आधार पर Existing Commitment 120.37 लाख दर्शाया गया है। Engineer-in-Charge स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–01, हाजीपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर इनका Existing Commitment. इस कार्य के लिए 220.00 लाख है। एकरारनामा के अनुसार इस कार्य की समाप्ति की अवधि 05.08.2026 है अर्थात निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–05.12.2025 के बाद आठ (8) माह का Existing Commitment 220.00 लाख है जिसके अनुसार प्रस्तुत निविदा की अवधि 6 माह के लिए इनका Existing Commitment 165.00 लाख होता है। अतः इन्होने इस कार्य के लिए Existing Commitment कम दर्शाया है।<br>द्वितीय कार्य Construction of Panchayat Sarkar Bhawan at Panchayat TikaitaGovindpur under Piprakothi Block, District Purvi Champaran, Motihari. एवं तृतीय कार्य Construction of Panchayat Sarkar Bhawan at Panchayat Bhopatpur South under Kotwa Block, District Purvi Champaran, Motihari. के लिए Engineer-in-Charge के प्रमाण–पत्र के अनुसार इनका Existing Commitment क्रमशः 93.68 लाख एवं 92.72 लाख है जिसे निविदा में इन्होने 0.94 लाख एवं 0.93 लाख दर्शाया है जो वास्तविक Existing Commitment से कम है। इस प्रकार इन्होंने निविदा में गलत सूचना अंकित किया है।<br>इनके द्वारा परिवाद में वित्तीय वर्ष 2020–21 के ATO के आधार पर Bid Capacity की गणना की गई है। Om Sai |

| | | |
|---|---|---|
| | 3. तृतीय कार्य :–Construction of Panchayat Sarkar Bhawan at Panchayat Bhopatpur South under Kotwa Block, District Purvi Champaran, Motihari.<br>इस कार्य का संविदा मूल्य ₹216.35 लाख एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि 14 माह थी। निविदा की अवधि के अनुरूप इसकी गणना ₹216.35/ 14 x 6 = ₹92.72 लाख होती है।<br>4. चतुर्थकार्य :–One Time Improvement from Km. 26.800 to Km. 28.00 of NH- 104 (New NH- 227), Total Length 1.300 Km, FY 2023-24, Bihar (Job No. NH/104/BR/2023-24/100)<br>इस कार्य एकरारनामा राशि ₹150.29 लाख थी तथा कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह थी, जो कि निविदा की अवधि के अन्तर्गत आती है। अतः Bid Capacity की गणना हेतु संपूर्ण राशि ₹150.29 लाख दर्शाई गई थी।<br>उपरोक्त सभी कार्यों के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि संबंधित कार्यों हेतु उस समय तक कोई भी भुगतान प्राप्त नहीं हुआ था। अतः SBD के प्रावधानों के अनुरूप, प्रत्येक कार्य की कुल अवधि के आधार पर 06 माह में निष्पादित किए जा सकने वाले कार्यमूल्य को ही Bid Capacity के अन्तर्गत दर्शाया गया था।<br>यह संपूर्ण गणना तथ्यों पर आधारित थी तथा इसमें किसी भी प्रकार की जानकारी को छिपाने अथवा भ्रामक विवरण प्रस्तुत करने का कोई उद्देश्य नहीं था।<br>इसके उपरांत आपके कार्यालय द्वारा संबंधित विभागों से सत्यापन कराये जाने के पश्चात भौतिक रूप से पूर्ण एवं शेष कार्य की स्थिति नियमानुसार स्पष्ट हुई है–<br>प्रथम कार्य :–Construction of Panchayat Sarkar Bhawan at Jalalpur Gangati Panchayat, Block Mahua, District- Vaishali<br>कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–01, हाजीपुर द्वारा प्रेषित पत्रांक–7106 / हाजीपुर, दिनांक–24.12.2025 के अनुसार माह नवम्बर 2025 तक लगभग ₹60.00 लाख का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा ₹220.00 लाख का कार्य शेष है। शेष कार्य की समाप्ति तिथि 05.08.2026 है।<br>अतः शेष ₹220.00 लाख का कार्यकुल 08 माह में पूर्ण किया जाना है। निविदा की 06 माह की अवधि के अनुसार 220 /8x6 = ₹165.00 लाख।<br>2. द्वितीय एवं तृतीय कार्य :–<br>Construction of Panchayat Sarkar Bhawan at Panchayat Tikaita Govindpur under Piprakothi | Construction. द्वारा Chartered Accountant द्वारा दिनांक–31.12.2025 को निर्गत A.T.O का प्रमाण–पत्र इसके समर्थन में परिवाद के साथ संलग्न किया गया है। विभागीय पत्रांक–6158(S) दिनांक–09.07. 2014 के आलोक में A.T.O प्रथम प्रक्रम में है अतः इसके लिए Clarification मान्य नहीं है। निविदा में समर्पित वर्ष 2020–21 का ATO Civil Construction Work से संबंधित नहीं है।<br>तकनीकी बीड मूल्यांकन के समय इनके 2024–25 के UDIN सत्यापित अधिकतम A.T.O (वर्ष 2024–25) के आधार पर Bid Capacity की गणना की गई है। वर्ष 2024–25 के Turnover एवं Engineer-in-Charge द्वारा सत्यापित Existing Commitment के आधार पर इनका Bid Capacity Rs. 323.79 लाख है, जो वांछित अर्हत्ता Rs. 349.28502 लाख से कम है। अतः ये SBD के ITB Clause-4.7 की अर्हत्ता पूर्ण नहीं करते है।<br>उक्त तथ्यों के आलोक में परिवाद अमान्य है। |

Block, District Purvi Champaran, Motihari.
Construction of Panchayat Sarkar Bhawan at Panchayat Bhopatpur South under Kotwa Block, District Purvi Champaran, Motihari.

इन दोनों कार्यों हेतु निर्धारित भूमि अब तक पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त कर हस्तांतरित नहीं की गई है, जिसके कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है।

अतः दोनों ही कार्यों में संपूर्ण संविदा मूल्य ही शेष है, जिसे भूमि उपलब्धता के उपरांत 14 माह में पूर्ण किया जाना है।

द्वितीय कार्य :

संविदा मूल्य ₹218.59 लाख

₹218.59 / 14 = ₹15.613 लाख / माह

6 माह हेतु = ₹15.613 लाख / माहx 6 = ₹93.68 लाख

तृतीय कार्य :

संविदा मूल्य ₹216.35 लाख

₹216.35 / 14 = ₹15.45 लाख / माह

6 माह हेतु = ₹15.45 लाख / माहx 6 = ₹92.72 लाख

चतुर्थ कार्य :–कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, सीतामढ़ी द्वारा पत्रांक–792(अनु०) दिनांक–23.12.2025 के अनुसार ₹49,98,200/– का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा ₹1,00,30,847/– का कार्य शेष है, जिसकी समाप्ति तिथि 05.04.2026 है जो कि निविदा की अवधि के अंतर्गत आती है।

अतः Bid Capacity गणना हेतु शेष संपूर्ण कार्य मूल्य ₹100.31 लाख लिया जाना समीचीन है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर हमारी Updated Bid Capacity का विवरण इस पत्र के संलग्न किया जा रहा है।

हमारी Bid Capacity की गणना में A की वैल्यू जो कि SBD के प्रावधानों के अनुसार Financial Year 2020-21 में अधिकतम ₹416.92 लाख है, को SBD में निर्दिष्ट Escalation Factor 1.61 से गुणा करने पर ₹671.24 लाख प्राप्त होती है। उक्त गणना को पूर्व में चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा UDIN-25544203BMMLKL1508 के माध्यम से निविदा में प्रमाणित किया गया था तथा तत्पश्चात पुनः UDIN-25544203ABPLBG8527 के माध्यम से सत्यापित भी किया गया है।

(CA द्वारा UDIN-25544203ABPLBG8527 अनुलग्नक–VI के रूप में इस पत्र में संलग्न)

अतः SBD के अनुसार FY 2020-21 के लिए Escalation

Factor 1.61 लागू करने पर:

A = ₹416.92 लाख x1.61=₹671.24

अर्थात, A = ₹671.24 लाख

निविदाअवधि के अनुसार:

N= 6 माह=6/12=0.5

वर्त्तमान प्रतिबद्धताओं (Existing Commitments) का योग निम्नानुसार है:

B=₹165.00 लाख+₹93.68 लाख+₹92.72 लाख + ₹100.31 लाख

B ₹ 451.71 लाख

इस प्रकार Bid Capacity की गणना निम्न प्रकार से की जाती है: Bid Capacity = (A x N x 3)-B

=(₹671.24 x 0.5 X 3)- ₹451.71

=₹1006.86 लाख - ₹451.71लाख

=₹555.15 लाख

अतः हमारी उपलब्ध Bid Capacity ₹555.15 लाख बनती है।

अतः मान्यवर से सादर निवेदन है कि हमारे द्वारा इस पत्र के माध्यम से प्रस्तुत अद्यतन Bid Capacity एवं संलग्न प्रमाण पत्रों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए तकनीकी मूल्याकंन पुनः किए जाने की कृपा की जाए तथा हमें निविदा में तकनीकी रूप से योग्य घोषित करने की अनुकंपा प्रदान की जाए।

हम यह भी आश्वस्त करते हैं कि निविदा की समस्त शर्तों, नियमों एवं तकनीकी आवश्यकताओं का पूर्णतः अनुपालन किया जाएगा।

इस कार्य के लिए हम श्रीमान के प्रति सदैव आभारी रहेंगे।

**निष्कर्षः–** तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त Barhonia Engicon Pvt. Ltd.के पत्रांक–BEPL/PAT/04 दिनांक–01.01.2026 एवं Om Sai Construction के पत्रांक–OSC/CE/RCD (N) /2025-26/435 दिनांक–02.01.2026 द्वारा दिए गए परिवाद को उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में अमान्य करते हुए उपभागीय ज्ञापांक–3911 दिनांक– 30.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–30.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय को यथावत रखने हेतु अनुशंसा की जाती है।

7. अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति का निर्णयः–

7.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–122(अनु०) दिनांक–12.01.2026 के माध्यम से पुनर्निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–12.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैः–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा Barhonia Engicon Pvt. Ltd. के पत्रांक–BEPL/PAT/04 दिनांक–01.01.2026 एवं पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा OM Sai Construction के पत्रांक–OSC/CE/RCD(N)/25-26/435 दिनांक–02.01.2026 द्वारा दिए गए परिवाद को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) उपभागीय ज्ञापांक–3911 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–30.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(iii) विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाय।

(iv) मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

7.2 समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30/01/26 | 30/01/26 | 30/01/26 | 30/01/26 |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर, पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (विजय कुमार)<br>मुख्य अभियंता, अनुश्रवण,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–05/2026 808(E) पटना, दिनांक 02/02/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

30/01/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।